# मेरी और मोहन की बाते

मेरी और मोहन की बाते मैं जानू या वो जाने,
मेरी और मोहन की बाते मैं जानू या वो जाने।।

दिल की दुःख भरी ये बाते मैं जानू या वो जाने,
मेरी और मोहन की बाते मैं जानू या वो जाने।।

कृष्णा हरे कृष्णा हरे हरे कृष्णा....
जब दिल में उनकी याद हुए एक शकल नयी ईजाद हुए,
पल पल मस्त ये मुलाकाते मैं जानू या वो जाने,
मेरी और मोहन की बाते मैं जानू या वो जाने।।

श्री कृष्णा गोविन्द हरे मुरारी हे नाथ नारायण वासुदेवा
श्री कृष्णा गोविन्द हरे मुरारी हे नाथ नारायण वासुदेवा।।

ना जागता हूँ ना सोता हूँ ना हसता हूँ ना ही रोता हूँ,
दर्दे जुदाई की ये राते मैं जानू या वो जाने,
मेरी और मोहन की बाते मैं जानू या वो जाने।।

घन घोर घटा गम की गरजी दामनी वेदना की लरजी,
द्रिग बिंदु भरी किये बरसाते मैं जानू या वो जाने।।
मेरी और मोहन की बाते मैं जानू या वो जाने,
मेरी और मोहन की बाते मैं जानू या वो जाने।।

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24006/title/meri-aur-mohan-ki-baate

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |